हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

10 समस्या का मौके पर समाधान, चेहरों पर आई मुस्कान



10 राहुल लोकसभा में जनता से जुड़े मुद्दे उठा रहे : रेढू



## खबर संक्षेप

### नशीली गोलियों के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**जींद।** सीआइए स्टाफ ने हंसडैहर में व्यक्ति को काबू कर कब्जे से चार सौ प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद की हैं। गढ़ी थाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि हंसडैहर निवासी मदनगोपाल नशीली गोलियों का कारोबार करता है।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक कल

**कैथल।** नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने बताया कि 4 जुलाई को दोपहर बाद 12 बजे लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। समिति की बैठक में कुल 14 मामलें रखे जाएंगे। उन्होंने बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डा. कमल गुप्ता करेंगे।

### हमला कर घायल करने पर 11 नामजद

**जींद।** जुलाना थाना में हमला कर चार लोगों को घायल करने पर पुलिस ने 11 लोगों को नामजद कर बीस अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रोहतक निवासी मनीषा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत आठ जून को उसने जुलाना थाना में शिकायत की थी। जिसके चलते उन्हें नौ जून को थाने बुलाया गया था। जांच अधिकारी ने कुछ देर इतंजार किया।

### तस्कर काबू, 128 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा तितरम से एक नशा तस्कर को 128 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई बलराज सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान तितरम मोड़ से राजौंद की तरफ जा रही थे। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली थी।

### टावर से दो दर्जन सेल चोरी, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव पौली में बीती रात चोरों ने टावर का ताला तोड़ कर दो दर्जन सेलों को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने टावर सुपरवाइजर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टावर कंपनी के सुपरवाइजर फतेहबाद निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उनकी कंपनी के टावर केबिन का चोरों ने ताला तोड़ कर दो दर्जन सेलों को चोरी कर लिया।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति व सास गिरफ्तार

**कैथल।** थाना राजौंद क्षेत्र अंतर्गत के एक गांव की एक बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर प्रताड़ित करने के आरोप में थाना महिला पुलिस की लेडी एचसी रेनु ने पीड़िता के पति वजीर व सास लक्ष्मी निवासी करोड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 18 अक्टूबर 2020 को वजीर उपरोक्त के साथ हुई थी।

### दो सगी बहनें चार बच्चों के साथ संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गांव सिंघाना से कपड़ा लेने की बात कह कर निकली दो सगी बहन व उनके चार बच्चे संदिग्ध हालात में गायब हो गए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नपा कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर किया रोष प्रदर्शन

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी ने जिला अयुक्त के साथ हुए समझोते को लागू न करने व बार- बार की वादा खिलाफी के विरोधस्वरूप नगर परिषद कैथल व डीएमसी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया और अपनी मांगो का ज्ञापन सौपा। धरने का नेतृत्व जिला प्रधान गौरव टांक ने की संचालन जिला सचिव विक्की टांक ने किया।

---

**आईटीआई:** विद्यार्थियों को देना पड़ेगा 500 रुपये जुर्माना, पहली मेरिट लिस्ट की डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन समाप्त

# जल्दबाजी में फार्म में भरी ऑप्शन पड़ेगी भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को जल्दबाजी में फार्म में भरी गई कोर्स की आप्शन पड़ी भारी पड़ती नजर आ रही हैं। विद्यार्थियों को अब अलाट की गई सीट में दाखिला न लेने तथा दूसरी कोर्स में आप्शन भरने के लिए 500 रुपये जुर्माना अदा करना होगा। ये हम नहीं बल्कि आईटीआई के दाखिले के आंकड़े कह रहे हैं। बता दें कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा 7 जून से 25 जून तक आनलाइन फार्म भरने का शेडयूल जारी किया गया था। इसके बाद 28 जून को पहली मैरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट जारी की गई थी। इसमें आईटीआई में प्राप्त सीट अनुसार करीब 60 प्रतिशत सीट अलाट की गई थी। मंगलवार को पहली मैरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट की डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन की अंतिम तिथि थी। बताया जा रहा है कि पहली मैरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट के कुल 50 प्रतिशत विद्यार्थियों ने ही दाखिला लिया है। शेष 50 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अपनी पसंद अनुसार कोर्स न मिलने को लेकर दाखिला नहीं लिया। अब ये सभी विद्यार्थी यदि दूसरी काउसंलिंग में भाग लेना चाहते हैं तो इन्हें डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन करवाते हुए विभागीय पोर्टल पर छात्र को 500 तथा छात्रा को 250 रुपये जुर्माना अदा करना होगा। यदि ये विद्यार्थी जुर्माना अदा नहीं करेंगे तो इनकी आप्शन लॉक रहेगी तथा ये आगामी काउसंलिंग में भाग नहीं ले सकेंगे। ऐसे में विभाग को इन विद्यार्थियों से लाखों का जुर्माना हासिल होगा। डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन करवाने आए विद्यार्थियों ने कहा कि उन्हें इस बारे पूर्ण जानकारी नहीं थी। इसलिए उन्होंने फार्म में 10 कोर्स भर दिए। अब उन्हें लिस्ट में से मैरिट के अनुसार आठवें कोर्स की सीट अलाट हुई है लेकिन वे इसमें दाखिला नहीं लेना चाहते। एक छात्रा ने बताया कि उसने एक कंप्यूटर सेंटर से फार्म अप्लाई किया था। उसने उसकी पांच च्वाइस भर दी। उसे भी पांचवी च्वाइस का कोर्स अलाट हुआ है लेकिन वह इसमें दाखिला नहीं लेना चाहती।

**आप्शन भरते समय रखें ध्यान**

विद्यार्थियों को चाहिए कि वे जिस कोर्स में दाखिला लेना चाहते हैं तो आप्शन में केवल वही कोर्स भरें। कोर्स भरते समय में विद्यार्थी अपने प्राप्त अंक और आईटीआई का ध्यान रखें। बता दें कि शहरी की बजाय ग्रामीण क्षेत्र की आईटीआई की मैरिट कम है। इसके साथ ही राजकीय आईटीआई कैथल की मैरिट प्रदेश में सर्वाधिक ऊंची है क्योंकि यहां प्राप्त सीटों पर 10 गुना फार्म प्राप्त हुए हैं।

**पहली मेरिट में जारी की सीटों पर 40 प्रतिशत दाखिले**



**कैथल।** आईटीआई में दाखिला लेने पहुंचे विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**दूसरी मेरिट सूची नौ को जारी होगी**

आईटीआई कैथल के दाखिला कमेटी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह वर्ग अनुदेशक ने बताया कि मंगलवार को पहली मैरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट के करीब 50 प्रतिशत विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। काफी संख्या में विद्यार्थी डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन के लिए पहुंच रहे हैं। वे दूसरी मैरिट सूची में भाग लेना चाहते हैं। दूसरी मैरिट सूची 9 जुलाई को जारी होगी।

## आईटीआई में पहली मेरिट लिस्ट के तहत दाखिले के लिए फीस जमा करवाने का अंतिम दिन आज

**फीस जमा करवाए जाने पर ही होगा दाखिला कनफर्म**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा आईटीआई में दाखिले को लेकर पहली कट ऑफ लिस्ट 28 जून को जारी कर दी गई थी। जिसकी जानकारी आईटीआई परिसर में चस्पा करवा दी गई थी। पहली कट ऑफ लिस्ट में नाम आने के बाद छात्र डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के लिए आईटीआई पहुंच रहे हैं। जिन छात्रों का नाम प्रथम मेरिट लिस्ट में आया है इनके दस्तावेजों की दो जुलाई तक होगी और केवल तीन जुलाई तक फीस भर सकते हैं। अभी भी कई छात्र ऐसे हैं जिन्होंने डॉक्यमेंट्स वेरिफिकेशन करवा ली है लेकिन ऑनलाइन दाखिला फीस नही भरी है। अगर ये छात्र दाखिला फीस नही भरेंगे तो इनका दाखिला कन्फर्म नही होगा। जिसके चलते सीट को वैकेंट दिखा कर दूसरे राउंड के लिए चार जुलाई को ही रिक्त सीटों की फिर से जानकारी चस्पा की जाएगी। रिवीजन ऑफ ऑप्शन/ प्रिफरेंस बाई कैंडिडेट के लिए पोर्टल चार जुलाई से लेकर छह जुलाई तक खुलेगा। दूसरी मेरिट लिस्ट नौ जुलाई को लगेगी। आईटीआई स्तर पर दस्तावेजों की जांच नौ जुलाई से 12 जुलाई तक होगी व फिर फीस भरने का समय नौ जुलाई से 13 जुलाई तक रहेगा। जो विद्यार्थी निर्धारित तिथि में अपनी फीस जमा नहीं करवाएंगे उनको दोबारा से दाखिले के लिए अवसर नहीं मिलेगा। दाखिला प्रक्रिया के लिए फिर से चार जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। जिलेभर की 25 राजकीय व निजी आईटीआई में दाखिले को लेकर 20 हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। राजकीय आईटीआई जींद में ही विभिन्न 25 ट्रेड में 872 सीटों पर 11078 दाखिला आवेदन मिले हैं। राजकीय महिला आईटीआई जींद में सात ट्रेड में 800 आवेदन मिले हैं।

**दूसरी मेरिट लिस्ट नौ जुलाई को होगी जारी : अनिल**

कैथल रोड स्थित राजकीय आईटीआई के प्राचार्य अनिल कुमार गोयल ने बताया कि आईटीआई में दाखिला प्रक्रिया लगातार जारी है। जिन छात्रों ने दाखिले के लिए ऑनलाइन फीस जमा नही करवाई है वो अपनी फीस अवश्य जमा करवा दें। बिना फीस जमा हुए दाखिला नही माना जाएगा। इसके बाद दूसरे राउंड के लिए खाली सीटों की लिस्ट चार जुलाई को जारी होगी। रिवीजन ऑफ ऑप्शन प्रिफरेंस बाई कैंडिडेट के लिए चार जुलाई से लेकर छह जुलाई तक पोर्टल खुलेगा। दूसरी मेरिट लिस्ट नौ जुलाई को जारी होगी और फीस भरने का समय 13 जुलाई तक रहेगा।

**इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में उच्चतम मेरिट लिस्ट 110 % तक पहुंची**

आईटीआई में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में उच्चतम मेरिट लिस्ट 110 प्रतिशत, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रोग्रामिंग असिस्टेंट में उच्चतम मेरिट लिस्ट 105, फीटर में 100, स्टेनो हिंदी में 105, रेफ्रिजरेटर एवं एसी तकनीशियन में 102.8, स्टेनो इंग्लिश में 105, मैकेनिक मोटर व्हीकल में 104, इक्लोक्ट्रोनिक मैकेनिक में 110, ड्राफ्ट्समैन सिविल में 100, पेंटर जनरल में 100, मैकेनिकट डीजल डयूल व स्यूइंग टेक्नोलॉजी में उच्चतम मेरिट लिस्ट 105 प्रतिशत तक रही।

---

## खेतों से केबल चोरी करने वाले तीन युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा

- चोरी कर छुपाई गई कटी केबलों से भरे कट्टे को लेने आए थे आरोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव हथो खेतों में ट्यूबवैलों से कीमती केबल चोरी करने करने वालों को तीन लोगों ने काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पकडे.गए तीनों लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

गांव हथो निवासी सुखदेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से सबमर्सिबल मोटर की केबल को चोरी कर लिया। इसी प्रकार अन्य किसानों के खेतों से भी केबल चोरी मिली। जब सभी किसान मिल कर कटी केबलों को तलाश रहे थे। उसी दौरान सरकारी स्कूल के निकट झाड़ियों में कट्टा रखा दिखाई दिया। जब उन्होंने कट्टे को खोल कर देखा तो उसमें कटी हुई केबल थी। जिस पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ नजर रखनी शुरू कर दी। रात को बाइक सवार तीन युवक वहां छुपाए गए कट्टे को लेने आए तो ग्रामीणों ने उन्हें काबू कर लिया। जिसके बाद तीनों को पकड कर पुलिस के हवाले कर दिया। जिसकी पुलिस पूछताछ में पहचान गांव का ही भोला, नरवाना निवासी मोहित, गांव सिंसर निवासी प्रवीन के रूप मे हुई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने सुखदेव की शिकायत पर पकडे.गए तीनों युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

## पेयजल के एक दर्जन अवैध कनेक्शन काटे

**हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत प्रयासरत**

- आधा इंच साइज से बड़े व डबल कनेक्शन वालों को दिए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जल जीवन मिशन के तहत गांव में हर घर तक साफ , स्वच्छ व पर्याप्त मात्रा में पेयजल पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा भरपूर प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को एक दर्जन से अधिक पेयजल के अवैध कनैक्शन काटे गए व दो दर्जन से अधिक आधा इंच साइज से बडे. व डबल कनेक्शन वालों को नोटिस दिए गए। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि गांव किनाना में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति द्वारा कमेटी के चेयरमैन एवं सरपंच राजकुमार आर्य की अध्यक्षता में एक सप्ताह से जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है।



**खाली प्लाट में खुले में चल रहे थे**

जल जीवन मिशन के तहत चलाए जा रहे इस अभियान में कमेटी द्वारा घर-घर जा कर लोगों को पेयजल संरक्षण के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ-साथ सभी ग्रामवासियों से अपने- अपने घर में एक-एक आधा इंच का पेयजल का कनेक्शन लगाने का अनुरोध किया जा रहा है। जिन लोगों द्वारा एक से अधिक या आधा इंच साइज से बडे कनेक्शन लगाए गए हैं, उन्हें नोटिस दिया गया है। ग्राम जल एवं सीवरेज समिति द्वारा करीब एक दर्जन अवैध कनैक्शन काटे गए हैं जोकि अवैध तरीके से खाली प्लाट में खुले में चल रहे थे।

---



**पूंडरी।** फरल में ढांड-पूंडरी रोड़ पर ओवरलोड भरी ईंटों की ट्राली।

### ओवर लोड ट्रैक्टर-ट्रालियों व डंपरों से टूट रही सड़क

**पूंडरी।** गांव फरल में भट्ठे के ओवर लोड़ वाहनों की वजह से करोड़ों रुपये खर्च करके बनाई गई सडकें टूट रही है। ये सब कुछ अधिकारियों की नाक के नीचे और मिलीभगत से हो रहा है। फरल में ढांड-कैथल रोड़ के पास स्थित भट्ठा संचालन द्वारा ढांड-पूंडरी रोड़ पर खनौदा चौंक के पास ईंटें पाथने के लिए जमीन ली हुई है। जहां पर दूसरी जगह से मिट्टी ट्रैरक्टर-ट्रालियों व डंपरों से स्टाक की जाती है। सडक पर जो वाहन चलते है वे ओवर लोड होते है। पूरा दिन फरल से डेरा कंबोज की सड़क पर ये ओवर लोड वाहन चलते है और ट्रैक्टरों पर लाउड स्पीकर लगाकर तेज आवाज में चलाते जाते है। जिससे आए दिन कोई न कोई दुर्घटना होने का भय बना रहता है। इन ओवर लोड ट्रैक्टर-ट्राली से सडकें बार-बार टूट जाती है। अधिकारी इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहे है और भट्ठा मालिक के मनमानी निरंतर जारी है।

## खंभा दे रहा हादसों को निमंत्रण

- शिकायत के बाद भी नही जागा बिजली निगम प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

नगूरां निवासी किसान खेत में झूके बिजली के पोल को बदलवाने को लेकर करीब एक साल से बिजली निगम नगूरां के चक्कर लगा रहा है, लेकिन निगम प्रशासन किसान की किसी प्रकार की सुनवाई नहीं कर रहा है। जिसके कारण किसान को निगम प्रशासन तथा सरकार के खिलाफ रोष है। नगूरां निवासी किसान रामजुआरी ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व तेज अंधड़ के चलते उनके खेत में खड़ा बिजली का पोल झूक गया था। बिजली के पोल के झूक जाने की सूचना किसान ने उसी समय नगूरां निगम एसडीओ तथा जेई को दी थी, लेकिन निगम प्रशासन ने अभी तक भी किसान के खेत में झूके पोल को ठीक नहीं किया। जिसके कारण किसान को धान आदि की रोपाई करते समय कोई बड़ा हादसा होने की आशंका है। यही नहीं किसान ने बताया कि इसके लिए करीब दो महिने से नगूरां निगम एसडीओ तथा जेई कार्यालय के चक्कर लगा रहे है, लेकिन उनकी किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हो रही है। किसान ने कहा कि निगम के आलाधिकारी बिजली निगम के ठेकेदार पर बिजली के तार नहीं लगाने का आरोप लगा रहे हैं लेकिन कारण चाहे जो भी हो फिलहाल मामले को लेकर किसान को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। किसान ने बताया कि चाहे तो निगम प्रशासन जल्दी से उनके खेत में झूके बिजली के पोल को ठीक कर दे, अन्यथा किसान कोई भी कड़ा कदम उठा सकता है।।



## नंबरदार का फोन हैक कर 53 हजार रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव रोहेड़ा के नंबरदार का फोन हैक करके ऑनलाइन हजारों रुपये की ठगी करली गई। राजौंद के दो वकीलों ने भी 53000 डालकर ठगी का शिकार हो गए। गांव रोहेड़ा के नंबरदार सुल्तान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कल शाम 6 बजे के आसपास उसका फोन हैक कर लिया गया और व्हाट्सएप पर पर उसकी फोटो लगाकर उसके दोस्तों रिश्तेदारों से उसके मामा के बीमार होने की बात कह कर पैसे डालने के लिए कहा। इसमें राजौंद के दो उसके जानकर वकीलों ने भी ठग के झांसे में आकर 53000 रुपये डाल दिए। उसने बताया कि उसे तब पता चला जब उसके पास बैठे उसके दोस्त के पास भी ऐसा ही मैसेज आया। फिर उसने सभी अपने जान पहचान वाले व रिश्तेदारों दोस्तों को मैसेज करके पैसे न डालने को कहा। उसने बताया की आज भी कई लोगों को पैसे डालने के मैसेज उस ठग द्वारा किए जा रहे है। जबकि इसकी सूचना साइबर को भी दे चुके हैं। इस बारे एडवोकेट यशवीर सिंह व रामफल कुंडू ने बताया कि उनके पास 7 बजे के आसपास सुल्तान सिंह नंबरदार रोहेड़ा की व्हाट्सएप डीपी पर फोटो लगी हुई थी।

---

**समस्या** तरावड़ी रेलवे स्टेशन के पास आठ कंटेनर गिरने से ट्रैक बाधित

दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर ट्रेनों का दवाब बढ़ा, कई स्टेशनों पर गाड़िया खड़ी होने से जाम की स्थिति बनी

# दिल्ली- बठिंडा रेलमार्ग पर बीस से ज्यादा रेलगाड़ियों को डायवर्ट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर मंगलवार को अंबाला रूट की 20 से ज्यादा गाड़ियों को डायवर्ट कर गुजारा गया। इसके कारण दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर ट्रेनों का दवाब बढ़ गया और कई स्टेशनों पर गाडियां खड़ी होने से जाम की स्थिति बन गई। इसका अवसर दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर चलने वाली नियमित ट्रेनों पर भी पड़ा। यह ट्रेनें अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची। मंगलवार सुबह करनाल में तरावड़ी रेलवे स्टेशन के पास चलती मालगाड़ी से करीब आठ कंटेनर गिर गए थे, जिसके कारण बिजली लाइन और रेलवे ट्रैक को नुकसान हो गया था। इससे अमृतसर रेलवे लाइन पर ट्रेनों का आवागमन रूक गया था वहीं कुछ पैसेंजर ट्रेनों को रद्द भी कर दिया। सुपरफास्ट ट्रेनों के रूट डायवर्ट कर दूसरे रूटों से रवाना किया गया। इसके कारण नियमित कई सवारी गाडियों को आउटर पर खड़ा रखा गया, जिसके कारण सवारी गाड़ियां अपने निर्धारित समय से लेट स्टेशन पर लेट पहुंची। रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का दवाब बढ़ने के कारण फाटक भी अधिकतर समय बंद ही रहे। नरवाना शहर का माइनर वाला फाटक बंद होने से दोनों तरफ लंबी-लंबी वाहनों की लाइनें लग गई। सुबह के समय यह फाटक करीब 35 मिनट पर खुल पायाए जिसके कारण जाम की स्थिति पैदा हो गई। फाटक को क्रॉस करने में वाहनों को काफी समय लगा, जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। मंगलवार सुबह साढ़े बजे बीकानेर और हरिद्वार के बीच चलने वाली 14717 नंबर ट्रेन दिल्ली की तरफ से आई और काफी देर नरवाना जंक्शन पर खड़ी रही। इस ट्रेन को नरवाना जंक्शन से कुरुक्षेत्र की तरफ रवाना किया गया। इस ट्रेन को गुजारने के लिए श्रीगंगानगर-दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस को नरवाना जंक्शन से पहले आउटर पर खड़ा रखा गया। बीकानेर-हरिद्वार ट्रेन गुजरने के बाद श्रीगंगानगर इंटरसिटी सुपरफास्ट को प्लेटफार्म पर लाया गया।

**25 से ज्यादा गाड़ियों को भेजा**

जींद रेलवे जंक्शन अधीक्षक जेएस कुंडू ने बताया कि तरावड़ी रेलवे स्टेशन के पास चलती मालगाड़ी के आठ कंटेनर गिरने से अमृतसर रेललाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके कारण ट्रेनों का आवागमन बंद हो गया। उस रूट की कुछ पैसेंजर ट्रेनें रद्द कर दी गई वहीं सुपरफास्ट ट्रेनों को डायवर्ट कर जींद जंक्शन से गुजारा गया। पूरे दिन में 25 से ज्यादा गाड़ियों को भेजा गया।



**जींद।** खेत में लगाई धान। फोटो :हरिभूमि

### धान रोपाई ने पकड़ी रफ्तार, उमस ने बढ़ाई परेशानी

**जींद।** जिले में मानसून सीजन में धान रोपाई ने रफ्तार पकड़ी हुई है। बढ़ते तापमान व मौसम में बनी उमस ने किसानों की परेशानी को बढ़ा दिया है। किसान बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से आकाश मे बादल भी घुमड़ रहे हैं लेकिन बारिश नही हो रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 65 प्रतिशत तथा हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान बादल छाए रहने तथा बारिश की संभावना है। मानसून के दस्तक देने के बाद भी जिले में बारिश नही हुई है। पिछले तीन दिन से आकाश में बादल भी छा रहे हैं लेकिन बारिश नही हो रही है। अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान स्थिर बना हुआ है। हवा की गति भी काफी कम रह रही है।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब जींद सिटी ने गोशाला में दिया चारा

**जींद** । लायंस क्लब जींद सिटी का नया सेशन शुरू हो रहा है। इस मौके पर लाइंस क्लब जींद सिटी द्वारा 6100 रुपये का चारा गोकुल धाम गोसेवा गोशाला में गोमाता के लिए दिया गया। इस मौके पर चार्टर प्रेसिडेंट लायन सुरेश जिंदल ने बताया की प्रेसिडेंट लायन मनीष सिंगल को दोबारा प्रधान पद दिया गया है। हर साल लायंस क्लब जींद सिटी द्वारा गोमाता माता की सेवा की जाती है।

### प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दी विकास को गति : संदीप

**जुलाना**। प्रदेश में सरपंचों के विकास कार्योंर् पर खर्च होने वाली राशि को बढ़ा कर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश के गांवों को विकास के नए आयाम साबित करने का काम किया है। यह बात भाजपा के किसान उत्पादक संगठन के प्रदेश संमयवक संदीप लोहान ने पत्रकारों से बात करते हुए कही।

### महावीर अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद** । भगवान महावीर फाऊंडेशन द्वारा अहिंसा व शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा आदि विभिन्न क्षेत्रों में समाज के लिए निस्वार्थ सेवा करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं के लिए 28वें महावीर पुरस्कार के लिए सिफारिशें आमंत्रित की गई हैं। इसमें प्रत्येक क्षेत्र में 10 लाख रुपये, एक प्रशस्ति पत्र व एक स्मृति चिन्ह दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तारीख 30 जुलाई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**जींद**। सिविल लाइन थाना इलाके में घर में घुस कर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म करने, दस पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रदेश में बनेगी कांग्रेस की सरकार: भूपेंद्र अलेवा

**उचाना** । कांग्रेस नेता एवं प्रमुख समाज सेवी एडवोकेट भूपेंद्र अलेवा द्वारा हलके में जनसंपर्क अभियान के तहत विभिन्न गांवों के दौरे किए। लोगों से रूबरू होते हुए कांग्रेस की नीतियों के बारे में जानकारी दी। भूपेंद्र अलेवा ने कहा कि जो लोकसभा चुनाव हुए उससे साफ संकेत है कि प्रदेश में आने वाला कल कांग्रेस का है। प्रदेश के मतदाता तीसरी बार भूपेंद्र सिंह हुड्डा को सीएम बनाने का मन बना चुके है। कांग्रेस प्रचंड बहुमत से सत्ता में काबित होगी।

### जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार अभियान शुरू

**जींद**। प्रदेश सरकार की अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं हैं जिनकी सहायता से जरूरतमंद पात्र लोग अपना जीवन स्तर ऊंचा उठा सकते हैं। इन्ही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा एक जुलाई से प्रचार-प्रसार अभियान शुरू किया गया है। यह प्रचार अभियान 31 जुलाई चलेगा। अभियान के दौरान जिला के प्रत्येक खंड के गांवों में भजन मंडलियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### मनुष्य जरूरत पर करता है भगवान को याद

**उचाना** । तेरापंथ भवन उचाना मंडी में चल रही धर्मसभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वी महिमा श्री ने कहा कि आज का मनुष्य बड़ा स्वार्थी हो गया है। मनुष्य को जरूरत न पड़े तो वो भगवान को याद नहीं करें। अपनी मन्नत पूरी करने के लिए वो भगवान तक बदल देता है।

### कैंसर जांच शिविर सात जुलाई को

**जींद** । शहर की समाजसेवी संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा सात कैंसर के इलाज के लिए विश्व प्रसिद्ध राजीव गांधी कैंसर अस्पताल के सहयोग से स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर व मुख के कैंसर की जांच के लिए एक निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि स्कीम नंबर 19 शिविर आयोजित होगा।

---

### किसी की बनी मौके पर पेंशन तो किसी की पीपीपी में हुई त्रुटियां ठीक

# समस्या का मौके पर समाधान, चेहरों पर आई मुस्कान

**समाधान शिविर में डीसी ने अनेक लोगों की समस्याओं का मौके पर किया समाधान, समाधान शिविर में डीसी ने सुनी 250 से अधिक समस्याएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को समाधान शिविर का आयोजन हुआ। समाधान शिविर में करीब 250 शिकायतें आईं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गौर से सुना। इनमें से कई मामले ऐसे रहे, जिनका डीसी ने मौके पर ही समाधान करवाया। समस्या का तुरंत समाधान होते ही एक तरफ जहां उनके चेहरों पर तुरंत मुस्कान आई, वहीं दूसरी ओर अपनी समस्या का समाधान होने पर लोगों ने डीसी व जिला प्रशासन का आभार जताया। शेष समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून का मौसम शुरु हो गया है। ऐसे में बरसाती पानी की निकासी के लिए नालों की सफाई व्यवस्था दुरूस्त की जाए। जलभराव संभावित क्षेत्रों की पहचान की जाए और पानी निकासी के अतिरिक्त प्रबंध किए जाएं। लोगों को बरसात के मौसम के दौरान जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। अत्यधिक बारिश होने की स्थिति में यदि किसी क्षेत्र में पानी जमा हो जाता है तो उसकी निकासी भी साथ-साथ हो।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर ठोस कार्रवाई करें और शिकायतकर्ता को यह बताएं कि उनकी समस्या का हल होने में कितना समय लग सकता है ताकि फरियादी की संतुष्टि हो। समाधान शिविर में आई शिकायतों में अधिकांश मामले परिवार पहचान पत्र से संबंधित रहे, जिनमें आय कम करवाने, नाम व व्यवसाय परिवर्तन, प्लाट या खेत की जमीन की निशानदेही, मजदूरी के लिए श्रम विभाग के तहत नया कार्ड बनवाने व काम दिलवाने आदि शामिल रहे। डीसी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए वहीं मौके पर बैठे अधिकारियों को निर्देश दिए।

समाधान शिविर में नरवाना निवासी दिव्यांग राजीव कुमार ने अपने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले जलालपुर खुर्द निवासी इंद्रो देवी और परमजीत ने प्लाट दिलवाने, रिंकू व सीमा ने काम के लिए कार्ड बनवाने, गांव साहपुर निवासी सुरेश ने गांव में प्लाटों के लिए निशानदेही करवाने की मांग की। इसी प्रकार से गांव पेगां निवासी मोहम्मद रिजवान ने डीसी को बताया कि 26 जून को आसमानी बिजली गिरने से उनके मकान में बिजली के सभी उपकरण जलने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। मकान की छत भी क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने डीसी से नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा राशि दिलवाने की मांग की। पटेल नगर निवासी एक वृद्ध महिला ने बताया कि उनकी पौती अंजलि पढ़ रही है लेकिन परिवार पहचान पत्र में उनको सरकारी नौकरी पर होना दिखाया है। इससे उनको दाखिला लेने व नौकरी के लिए आवेदन करने में परेशानी आ रही है। भिवानी रोड निवासी यशवंती ने डीसी को बताया कि उनके बेटे का निधन हो चुका है। उन्होंने अपने साढ़े तीन साल के पौते की पेंशन बनवाने की मांग की।



**जींद**। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि

#### डीसी ने कई मामलों का करवाया मौके पर ही समाधान

समाधान शिविर के दौरान अनेक ऐसे मामले आएए जिनका डीसी ने मौके पर ही समाधान करवाया। इनमें मुख्यतया बात करें तो गांव लोहचब निवासी मनू ने डीसी को बताया कि उनके भाई सुनील और संजीव को पीपीपी में अन्य रा'य का दर्शाया हुआ है। बार-बार आवेदन पर भी समाधान नहीं हो रहा है। इस पर डीसी ने उसी समय क्रीड के अधिकारियों को पीपीपी को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। जिससे सुनील व संजीव की समस्या का समाधान हो गया। इस पर मनू ने जिला प्रशासन का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर उनके लिए कारगर साबित हुआ है। इसी प्रकार से गांव मुआना निवासी सुमन ने डीसी को बताया कि उनका बेटा अमन 90 प्रतिशत मानसिक तौर से दिव्यांग है। अमन की आयु 23 साल है।

#### समाधान शिविर में 83 फरियादियों ने दर्ज करवाई शिकायतें

**नरवाना**। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में मगंलवार को आयोजित समाधान शिविर में 83 फरियादी अपनी शिकायत दर्ज करवाने आए। एसडीएम अनिल कुमार दून ने बताया कि प्राप्त शिकायतों में सबसे 'यादा दरखास्त फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियों को दुर करवाने से संबंधित और विभिन्न सामाजिक पेंशन बनवाने के बारे में मिली है। दून ने बताया की फैमिली आईडी में सुधारीकरण के लिए 36 शिकायतें, प्रॉपर्टी आईडी को दुरुस्त करवाने के लिए 10 शिकायतें तथा विधवा, विधुर, विकलांग एवं बुढ़ापा पेंशन बनवाने के संबंध में 13 शिकायतें, गन्दे पानी की निकासी से संबंधित 6 शिकायतें, पंचायत विभाग से 8 शिकायतें, लाल डोरा से संबंधित 4, बिजली व सिंचाई विभाग से संबंधित 6 शिकायतें भी प्राप्त हुई। एसडीएम दून ने बताया कि उक्त सभी शिकायतों के उचित त्वरित समाधान के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा गर्मी के सीजन के चलते ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति तथा स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे जनसाधारण को समाधान शिविर के आयोजन की जानकारी मिल रही है वैसे ही फरियादियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। दून के अनुसार समाधान शिविर से लोगों को विशेष राहत मिल रही है कि उन्हें अपनी समस्याओं के निवारण के लिए अलग-अलग दफ्तरों में चक्कर लगाने की बजाय सभी विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे और एक ही निश्चित समय अवधि में उपलब्ध हो रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक निरंतर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अनुरोध किया कि वह अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर का लाभ उठाएं। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि अपने विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा अपडेट रखें और समाधान की गई शिकायतों की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करें। समाधान शिविर मे एसडीओ बिजली विभाग दीपक कुमार, एसडीओ सिंचाई विभाग सुखदर्शन सिंह, एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग नवीन कुमार,जेई जन सवास्थ्य विभाग मनजीत सिंह, एम ई नगर परिषद रमनदीप सिंह, तहसील कल्याण अधिकारी सन्तरो देवी, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से सोनिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



#### पेंशन बनवाने के लिए पिछले एक साल से परेशान

उन्होंने कहा कि उनके बेटे के गुजरने के साथ.साथ उनकी बहू अन्य जगह पर चली गई है। जिससे उनके सामने अपने पौते ही परवशि की दिक्कत आ रही है। पेंशन बनवाने के लिए वह पिछले एक साल से परेशान है। समाधान शिविर से सेक्टर 6, 7, 8, 9 के का प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिला। उन्होंने सेक्टरों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करवाने, गंदे पानी की निकासी, डोर टू डोर कचरा लेने आदि की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सेक्टर नौ में हैबतपुर रोड से आउटर से सेक्टर के प्रवेश प्वायंट पर गंदगी के ढ़ेर लगे हैं।

#### ये रहे मौजूद

समाधान शिविर में एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ, डीएमसी वीरेंद्र सहरावत, डीएसपी गीतिका जाखड़, एसडीएम राकेश सैनी, एसई बिजली निगम जितेंद्र ढुल, डीआरओ राज कुमार सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

---

## 70 लोगों के लिए खून के नमूने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

उप सिविल सर्जन मलेरिया जींद के आदेशानुसार डेंगू तथा मलेरिया के खात्मे के लिए स्वास्थ्य विभाग की सात टीमों ने दिल्लूवाला, मांडी खुर्द गांव में मलेरिया के खात्मे के लिए दस्तक दी। इस दौरान टीमों ने 780 घरों में जाकर 70 लोगों के खून के नमूने लिए। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि इस दौरान टीम ने होदी, कूलर, फ्रीज की ट्रे, टायर, गमला, पक्षियों के पीने के पानी के कटोरे, छत पर पड़े नारियल के खोल, प्लास्टिक की बोतल आदि की जांच की। लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि मलेरिया मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। जब मादा एनोफिलीज मच्छर गर्भवती होती है तो अपने अंडे पैदा करने के लिए मनुष्य के रक्त से प्रोटिन और आयरन को चूसती है। जिससे मनुष्य के खून में प्ला'मोडियम परजीवी छोड़ देती है। जोकि मनुष्य मलेरिया का शिकार हो जाता है। मलेरिया के लक्षण बताते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि कंपकपी के साथ तेज बुखार, पसीना आकर उतरना, उल्टी, सिर दर्द आदि हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर रक्त पटिकाएं बनवाएं। उन्होंने कहा कि मलेरिया के बचाव के लिए आसपास गंदगी और पानी इक्कठा न होने दें। घरों की खिड़कियों पर जाली लगवाएं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।



**अलेवा**। दिल्लूवाला गांव में कूलर की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो :हरिभूमि

## राहुल लोकसभा में जनता से जुड़े मुद्दे उठा रहे : रेढ़ू

- राहुल गांधी ने हिंदुओं को लेकर जो कहा, वह अटल सत्य : निर्मला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता राहुल गांधी ने हिंदुओं को लेकर जो कहा, वह अटल सत्य है और यह सत्य बीजेपी को हजम नहीं हो रहा लेकिन देश और प्रदेश की जनता इस मुद्दे पर राहुल गांधी के साथ है। यह बात नारी शक्ति टीम बलजीत रेढ़ू की संयोजक निर्मला रेढ़ू ने मंगलवार को रूपगढ़ गांव में ग्रामीणों के साथ चाय-पानी बैठक में चर्चा के दौरान कही। निर्मला रेढ़ू का इससे पहले गांव पहुंचने पर ग्रामीणों और खासकर महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। यहां निर्मला रेढ़ू ने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में जनता से जुड़े मुद्दे उठा रहे हैं। उन्होंने लोकसभा में कहा कि हिंदू कभी हिंसक नहीं होता और जो हिंसक होता है। वह हिंदू नहीं। हिंदू को लेकर यह अटल सत्य है। इस सत्य को कोई भी नहीं झुठला सकता। राहुल गांधी के बयान से बीजेपी डर गई है। इसी कारण लोकसभा की कार्रवाई से राहुल गांधी के बयान को हटा दिया गया है लेकिन जनता के दिल से इसे बीजेपी नहीं हटा सकती। निर्मला रेढ़ू ने कहा कि हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा और सांसद दीपेंद्र हुड्डा जनता की आवाज हैं। प्रदेश को गुंडागर्दी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से भूपेंद्र हुड्डा ही मुक्ति दिलवा सकते हैं। इस मौके पर निर्मला रेढ़ू के साथ सरपंच दीपक, पूर्व सरपंच चांदीराम, ओमप्रकाश, रामफल, मोनू आदि मौजूद रहे। जींद के रूपगढ़ गांव में मंगलवार को महिलाओं में त्यौहार जैसी खुशी का माहौल उस समय बन गयाए जब नारी शक्ति टीम बलजीत रेढ़ू की संयोजक निर्मला रेढ़ू ने दो बसों में बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं को हरिद्वार में मुफ्त गंगा स्नान के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं निर्मला रेढ़ू के पति प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बलजीत रेढ़ू की 100 दिन में 11 हजार लोगों को मुफ्त गंगा स्नान करवाने की मुहिम की कमान संभालने के दूसरे दिन मंगलवार को निर्मला रेढ़ू जींद के रूपगढ़ गांव पहुंची।



**जींद**। निर्मला रेढ़ू महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा करते हुए। फोटो :हरिभूमि



**जींद**। कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि

### जनहित से जुड़े मुद्दे उठाती रहेगी कांग्रेस: बृजेंद्र सिंह

**उचाना**। कांग्रेस के केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा निट मामले में कांग्रेस के राजनीति करने के सवाल पर बोलते हुए कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि जनहित से जुड़ा कोई भी मुद्दा हो उसको उठाने का काम कांग्रेस करेंगी। निट का मुद्दा देश के 25 लाख युवाओं के भविष्य से जुड़ा है। निट का एग्जाम देश के बड़े एग्जामों में से एक है। कई प्रदेशों की पुलिस इस मामले में धरपकड़ भी कर रही है। ये मुद्दा एक जिलेए प्रदेश का नहीं है बल्कि देश के युवाओं से जुड़ा है। संसद में उठाने के लिए अगर प्राथमिकता पर इसे लिया जाए यह कहना कोई राजनीति नहीं है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है लेकिन फिर भी भाजपा संकेत दे रही है जिस तरह से 2014 से 2024 तक मनमानी वाली सरकार चलाई है वैसे ही चलाएंगे। भाजपा इस बात को भूल रही है कि इस बार विपक्ष सशक्त है उनकी मनमर्जी नहीं चलेगी। पत्रकार वार्ता में विपक्ष के नेताओं के माइक संसद में बंद करने पर बोलते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि जब वो सांसद थे तो कई बार ऐसा हुआ है जब विपक्ष के बड़े नेता बोलते थे तो माइक बंद किए जाते थे। इस तरह की हरकत औच्छी हरकत है। इस तरह से लोकतंत्र की साख जरूर कम होती है।

## अनुबंधित विद्युत कर्मियों के वेतन में वृद्धि की जाए

- बिजली कर्मियों को जोखिम भत्ते की दी जाए सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की बैठक जिलाध्यक्ष लोकेश भ्याण की अध्यक्षता में कार्यकारी अभियंता जींद डिवीजन कार्यालय में संपन्न हुई। मंच का संचालन जींद सचिव महेंद्र शर्मा ने किया। बैठक में तीनों डिवीजन के अध्यक्ष मौजूद रहे और उनकी कार्यकारिणी 12 सब डिवीजन डिवीजन के पदाधिकारी। प्रदेश कार्यकारिणी सचिव सुभाष शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा की हरियाणा सरकार के द्वारा कौशल रोजगार निगम मे वेतन बढ़ोत्तरी की गई है, वह सरकार की तरफ से कच्चे कर्मचारियों को केवल आश्वासन है। जब तक सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों को नहीं मान लेती, संघर्ष जारी रहेगा। चार जुलाई को डीसी को भी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है। जो सब खोखले नजर आते हैं। ऐसे ही बिजली विभाग का कार्य भी जोखिम भरा है। विद्युत विभाग में हजारों कर्मचारी लगे हुए हैं। कई कच्चे कर्मचारी हादसे का शिकार हो चुके हैं लेकिन आज तक हरियाणा सरकार द्वारा जोखिम भत्ता की सुविधा लागू नहीं की गई जो कि कर्मचारियों की जायज मांग है। जब तक मांगें पूरी नही होती आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में सागर, मोती मोर, राकेश शर्मा, बिल्लू दहिया आदि मौजूद रहे।



**जींद**। बैठक में रोष जताते हुए अनुबंधित बिजली कर्मी। फोटो :हरिभूमि



**जींद**। कौशल कर्मचारी ईश्वर की सेवानिवृति पर मौजूद साथी कर्मी।

### जनस्वास्थ्य विभाग में कौशल कर्मी ईश्वर सेवानिवृत

**जींद**। जनस्वास्थ्य विभाग में पंप आप्रेटर पद पर कार्यरत कौशल कर्मी ईश्वर मंगलवार को सेवानिवृत हुए। इस मौके पर उपमंडल अभियंता कर्मबीर सिंह, कनिष्ठ अभियंता सनी रोहिल्ला, अरविंद, एसडीसी धर्मबीर तथा जिला प्रधान जितेंद्र भारद्वाज, ब्रांच प्रधान प्रदीप विशेष रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों व कर्मचारियों ने कर्मचारी ईश्वर द्वारा विभाग के लिए किए गए कायार्ें को याद किया और कहा कि ईश्वर ने अपने जीवन में सबसे जरूरी अपनी डयूटी को समझा। उन्होंने पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। इस मौके पर साथी कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी और साथी कर्मियों से आह्वान किया कि वो भी पूरी ईमानदारी से कार्य करें।

---

**विकास** जुलाना हलके में विकास कार्यों की नहीं कोई कमी, मिली मंजूरी

## जुलाना हलके में 43 करोड़ 54 लाख रुपये से होंगे विकास कार्य: डॉ. सुरेंद्र

**सरकार सबका साथ सबका विकास नीति के तहत हर वर्ग का एक समान विकास करवा रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

हलके में सरकार द्वारा विकास कार्यों की कोई कमी नही रहने दी जाएगी। सरकार द्वारा जुलाना हलके में विकास कार्यों के लिए 43 करोड़ 54 लाख रुपये की मंजूरी दे दी गई है। यह बात जुलाना से भाजपा नेता डा सुरेंद्र लाठर ने पत्रकारों से बात करते हुए कही। डा. सुरेंद्र लाठर ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास नीति के तहत हर वर्ग का एक समान विकास करवा रही है। जितने विकास कार्य पिछले 60 साल में नही हुए इतने काम भाजपा ने प्रदेश में पिछले दस साल में करवा दिए हैं। लाठर ने कहा कि जुलाना हलके की फिरनी के लिए 12 करोड़ 10 लाख रूपये मंजूर किए गए हैं। सरकार द्वारा जुलाना हलके में विकास कार्यों के लिए 43 करोड़ 54 लाख रुपये की मंजूरी दे दी गई है। यह बात जुलाना से भाजपा नेता डा सुरेंद्र लाठर ने पत्रकारों से बात करते हुए कही। डा. सुरेंद्र लाठर ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास नीति के तहत हर वर्ग का एक समान विकास करवा रही है।हलके की 18 चौपाल के 1 करोड़ 27 लाख रुपये, शिवधाम योजना के तहत शमशान घाटों के लिए 4 करोड़ लाख मार्केटिंग बोर्ड के तहत सड़्कों पर 4 करोड़ 37 लाख पीडब्युडी व बी एंड आर के तहत सड़कों पर 21 करोड़ 77 लाख रुपये की मंजूरी सरकार ने दी है। डा. सुरेंद्र लाठर ने कहा कि रामकली से करसोला 6 किलोमीटर के संपर्क मार्ग पर 1 करोड़ 10 लाख, सुंदरपुर से सिवाहा साढे 4 किलोमीटर संपर्क मार्ग पर 1 करोड़ 80 लाख, नंदगढ़ से मेहरड़ा गांव तक 3 किलोमीटर सड़क पर 92 लाख रुपये, अशरफगढ़ से जींद गोहाना बाईपास तक 2 किलोमीटर सड़क के निर्माण पर 54 लाख रुपये की लागत आएगी।

#### सरकार की करनी और कथनी में कोई अंतर नही



डा सुरेंद्र लाठर ने कहा कि किशनपुरा सड़क पर 1 करोड़ 32 लाख, चाबरी मार्ग पर 1 करोड़ 48 लाख, करसोला मार्ग पर 90 लाख, बराह कलां से बराह खुर्द मार्ग पर 92 लाख, सुंदरपुर से बराह मार्ग पर 5 करोड़ 76 लाख, ईगराह से बुआना मार्ग पर 7 करोड़, मेहरड़ा मार्ग पर 2 करोड़ 31 लाखए बराह खुर्द से खरक रामजी मार्ग पर 5 करोड़ 38 लाख, बुराडेहर मार्ग पर 63 लाख रूपये की लागत आएगी। लाठर ने कहा कि सभी विकास कार्यों के लिए सरकार ने मंजूरी दे दी है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे। भाजपा की करनी और कथनी में कोई अंतर नही है। जो भी विकास कार्यों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मंजूरी दे दी वो अवश्य ही विकास कार्यों को करवाते हैं।



शिव गुरूकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित दांत्तों की जांच का कैंप।

### मुफ्त जांच शिविर में 460 विद्यार्थियों के दांत्त जांचे

**उचाना**। छात्तर के अनाज मंडी रोड पर स्थित शिव गुरूकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत विकास परिषद की जयंती शाखा जींद द्वारा मुफ्त दंत्त जांच कैंप का आयोजन हुआ। 460 विद्यार्थियों के दांत्तों का चेकअप हुआ। कैंप में डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. प्रवीण मलहोत्रा, डॉ. अशोक खर्ब पहुंचे। प्राचार्य अजीत गौतम ने बताया कि यह आयोजन राष्ट्र समर्पित डॉ. सूरज प्रकाश के जन्म दिवस एवं भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस पर किया गया है। दंत्त चिकित्सक टीम द्वारा दांत्तों की जांच करने के साथ दांत्तों को कैसे साफ, सुथरा रखे के बारे में जानकारी भी दी। कैंप का शुभारंभ धर्माचार्य ने सामूहिक रूप से यज्ञ मंत्रोच्चारण से किया। भाविप के प्रधान दिनेश गर्ग, सचिव नरेश, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, जिला समन्वयक प्रवीण, संरक्षक अशोक सिंघल, मिथुन गर्ग, राजेश गर्ग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 65 से अधिक सीट जीतेगी कांग्रेसः सिंह

**गुहला-चीका।** युवा कांग्रेस नेता विक्रमजीत सिंह ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस 65 से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाएगी। विक्रम आज कैथल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी, हरियाणा के प्रभारी दीपक बाबरिया से मिलने के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सुझाव दिया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टिकटों का बंटवारा लोकल स्तर पर किया जाए और समूचे हरियाणा में स्थानीय प्रत्याशियों को प्राथमिकता दी जाए।

### प्रशासन बाढ़ प्रभावित एरिया में करें मजबूती से तैयारी

**पूंडरी।** हल्के के युवा नेता एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि विकास तंवर क्योडक ने कहा कि प्री-मानसून व मानसून के दौरान क्षेत्र को बाढ़ से बचाने के लिए शासन-प्रशासन केवल दावे करता है, जबकि दावों की बजाए धरातल पर क्या स्थिति है, इसकी जानकारी होना भी आवश्यक है। इसी को लेकर उन्होंने गत दिनों नहर एवं सिंचाई विभाग कैथल के कार्यकारी अभियंता प्रशांत ग्रोवर से मिलकर ड्रेनों की सफाई अच्छे से करवाने की मांग की। विकास ने क्योडक में लॉन्ग बूम मशीन मंगवाकर सफाई करवाने की मांग की।

### आवेदक जल्द पूरे करें कागजात : सीमा

**कैथल।** जिला कल्याण अधिकारी सीमा ने बताया कि डॉ. भीम राव अंबेडकर छात्रवृति संशोधित योजना के अंतर्गत जिन आवेदकों द्वारा 1 जुलाई 2023 से 15 मार्च 2024 तक आवेदन किए थे, उन आवेदकों के आवेदन पत्रों में कागजातों की कमी की वजह से उन आवेदनों को आवेदकों के पास वापस किए गए थे। जिन आवेदकों ने वर्ष 2023 में दसवीं, बारहवीं, स्नातक कक्षा उत्तीर्ण की थी, वे मूल कागजात जिसमें शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, वर्तमान कक्षा का प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, रिहायशी प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, बैंक खाता तथा फैमिली आईडी आदि जमा करवाएं।

### एसडीएम ने शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी

**गुहला-चीका।** एसडीएम कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में इस शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम ने समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान करवाने के निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में 18 शिकायत आई, जिनमें से 16 का मौके पर समाधान किया।

### दोस्तों के साथ मिलकर पत्नी- सास पर हमला

**कैथल।** शहर पुलिस ने एक युवक ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर अपनी ही पत्नी और सास पर गंडासी से जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज किया है। फ्रांसवाला रोड कैथल निवासी डिंपल की शिकायत पर जींद निवासी पति राकेश, मोनू और कपिल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत सिटी थाना में केस दर्ज किया गया है।

## डीसी ने समाधान शिविर में सुनीं 110 शिकायतें

# समाधान शिविरों में आमजन को मिल रही राहतः उपायुक्त

जिला एवं उपमंडल स्तर पर सभी कार्य दिवसों में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल


**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार और एसपी उपासना लोगों की शिकायत सुनते हुए।

जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तर एवं उपमंडल स्तर पर सभी कार्य दिवसों में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इसमें डीसी प्रशांत पंवार, एडीसी सी. जया श्रद्धा, एसपी उपासना तथा डीएमसी सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों से सम्बंधित 110 शिकायतें सुनी गई। इनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निदान किया गया और अन्य शिकायतों को जांच के बाद जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर आमजन के लिए एक बड़ी राहत प्रदान कर रहे हैं। शिविर में परिवार पहचान पत्र, प्रोप्र्टी आईडी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली, पानी तथा पुलिस विभाग संबंधित आदि शिकायत आती हैं। डीसी ने अनेक समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाता है और कुछ को जांच करने के लिए संबंधित विभागों को सौंप दिया जाता है समाधान शिविर में टयोंठा गांव से आई बलजीत कौर, हरिपुरा गांव के जोगिंद्र सिंह, कैथल के रिंकू, गढ़ी चौथ गांव के प्रवीन परिवार पहचान पत्र में अधिक आय होने की शिकायत लेकर आए। अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आवेदकों की आय ठीक करने की मौके पर ही रिकवेट डाली गई। सभी शिकायतकर्ता समाधान शिविर की कार्यवाही से संतुष्ट नजर आए। इस अवसर पर डीआरओ चंद्रमोहन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आमजन के लिए कल्याणकारी साबित हो रहे समाधान शिविर : तेजवीर सिंह


**कैथल।** मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करते पूर्व विधायक तेजवीर सिंह।

**पूंडरी।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पहल पर शुरू किए गए समाधान शिविर आमजन के लिए बेहद कल्याणकारी साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर जिला मुख्यालय पर उपायुक्त एवं उप-मंडल स्तर पर उपमंडल अधिकारी की अध्यक्षता में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में लोगों की समस्याओं का फटाफट समाधान हो रहा है, जिससे जनता बेहद खुश है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में उपायुक्त व उपमंडल अधिकारी द्वारा न सिर्फ आमजन की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुना जाता है, बल्कि मौके पर इसके निपटान के निर्देश दिए जाते हैं। समस्याओं के त्वरित समाधान से जनता काफी लाभावित हो रही है। पहले परिवार पहचान पत्र की त्रुटि को ठीक करवाने के लिए लोगों को सरकारी दफ्तरों के काफी चक्कर काटने पड़ते थे। सरकार ने इसका भी समाधान कर दिया है। अब लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं। समाधान शिविर में सैल्फ डिक्लरेशन देकर पी.पी.पी. की त्रुटि को ठीक करवाया जा सकता है। भाजपा सरकार आमजन के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है और इस वचन को सरकार पूरी शिद्दत व निष्ठा के साथ पूरा कर रही है।

## राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार शुरू


**कैथल।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी आत्मा राम कसाना कर्मचारियों की बैठक लेते हुए। फोटोः हरिभूमि

- जन संपर्क एवं भाषा विभाग की ड्रामा पार्टी व भजन मंडली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

डीसी ने बताया कि सरकार के आदेशों की पालना में सूचना जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा विशेष प्रचार-प्रसार अभियान शुरू हो चुका है। इसमें विभागीय नियमित, अनुबंधित और सूचीबद्घ भजन एवं ड्रामा 10 पार्टियां सभी गांवों और शहरों के वार्डों में जाकर भजनों एवं गीतों के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार कर रही हैं। इसके अलावा कलाकार जल बचाने, पौधा रोपण करने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा यातायात के नियमों का पालन करने का आह्वान कर रहे हैं।

मंगलवार को डीसी प्रशांत पंवार के आदेशानुसार जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी आत्मा राम कसाना ने सभी भजन पार्टियों एवं ड्रामा पार्टियों से जुड़े कलाकारों तथा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली और उन्हें प्रचार-प्रसार से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत प्रदेश सरकार की साढ़े 4 सालों की उपलब्धियों, नीतियों, योजनाओं को भजनों व गीतों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाए ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें।

#### 3 जून को इन गांवों में जाएगी भजन पार्टियां

3 जून को भजन एवं ड्रामा पार्टियां ढांड, पबनावा, साकरा, साकरा खेड़ी, पाबला, चंदलाना, कौल, धेरडू, संगरौली, आहूं गांव में गीतों व भजनों के माध्यम से सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार करेंगे।

# कन्या स्कूल की छात्राओं ने किया योगेश्वर विद्यालय का अवलोकन

- एक दूसरे से मिलकर की ज्ञान विज्ञान की बातें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीवन



**सीवन।** सीवन के कन्या स्कूल में बस को रवाना करते खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य।

सीवन के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से ट्विनिंग ऑफ स्कूल पार्टनरशिप के तहत विद्यालय की छात्राएं सीवन के योगेश्वर पब्लिक स्कूल में गई। यह छात्राएं स्कूल की प्राध्यापिकाएं अंजली व ज्योति गाबा के नेतृत्व में स्कूल में पहुंची और स्कूल में उस स्कूल के बच्चों से मुलाकात की और स्कूल की लैब व भवन का अवलोकन किया।

खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कैंदल व विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा विभाग की ओर से संचालित बहुत अच्छा कार्य है। इस कार्यक्रम में बच्चे एक दूसरे स्कूल में पहुंचते हैं और वहां पर दूसरे स्कूल को मिल कर उस स्कूल के बारे में जानकारी लेते हैं।

सभी बच्चे इस कार्यक्रम से बहुत कुछ सीख रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत दोनों स्कूलों के बच्चों ने एक दूसरे से मिल कर अनेक विषयों पर ज्ञान विज्ञान की बातों की और आपस में अपने विचार सांझे किए। कार्यक्रम के दौरान अनेक प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां भी आयोजित की जिससे बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिला। इस कार्यक्रम में योगेश्वर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सतपाल शर्मा ने पूरे स्टाफ के सहयोग से बच्चों की सभी गतिविधियों के लिए पूरे प्रबंध किए। इस अवसर पर बी.आर.पी. डॉ. करनैल सिंह, सतीश जांगड़ा व गोपाल दास मौजूद रहे।

# छात्रों ने ली संतुलित आहार व किचन गार्डन की जानकारी


**कैथल।** किचन गार्डन की जानकारी लेती राजकीय स्कूल पूंडरी की छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में रहे सात दिवसीय यूथ एंड इको क्लब शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों को संतुलित आहार और किचन गार्डन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि संतुलित आहार एक ऐसा आहार है जिसमें निश्चित मात्रा और अनुपात में विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ होते हैं ताकि कैलोरी, प्रोटीन, खनिज, विटामिन और वैकल्पिक पोषक तत्वों की जरूरत पूरी हो सके। शरीर की दुर्बलता को कम करने के लिए इन पोषक तत्वों का एक हिस्सा शरीर अपने भविष्य के उपयोग के लिए बचा भी लेते है। यूथ एंड इको क्लब के प्रभारी श्री सुनील दत्त ने बताया की आज विद्यार्थियों को किचन गार्डन दिखाया गया।

## समाजसेवी सतपाल जांबा ने पौधरोपण अभियान में सहयोग किया


**पूंडरी।** पूंडरी स्कूल में पौधारोपण करते हुए सतपाल जांबा व भाविप सदस्य।

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी शाखा की तरफ से सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय पूंडरी में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक जांबा सरपंच प्रतिनिधि सतपाल जांबा ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाग लिया। इस मौके पर सतपाल जांबा द्वारा चलाए जा रहे पूरे हलके में 25 हजार पौधे लगाने के अभियान में शाखा सदस्यों ने पौधारोपण में सहयोग दिया। शाखा के सभी सदस्यों द्वारा सतपाल जांबा के पौधारोपण कार्यक्रम की सराहना की। सतपाल जांबा ने कहा कि आज विश्व के सामने पर्यावरण को बचाए रखने की चुनौती है। निरंतर प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। जिसकी वजह से बहुत सी बीमारियां तो आती है, वहीं धरती का तापमान भी बढ़ता जा रहा है। निरंतर पौधों की कटाई के चलते समय पर बारिश भी नहीं होती है। उन्होंने नारा दिया कि आओ मिलकर पेड़ लगाए, पर्यावरण स्वच्छ बनाए। उन्होंने कहा कि पेड़ धरती मां का गहना है और मां से बढ?र कुछ नहीं होता। कार्यक्रम के अंत में शाखा सदस्यों ने उनका सम्मान करते हुए उन्हें शिल्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शाखा संरक्षक विनोद बंसल, शाखा अध्यक्ष प्रवीण मित्तल, डॉ. मनोज मंगल, बबीता सिंगला मौजूद रहे।

# पौधे पर्यावरण के फेफड़े : जोगेंद्र


**कैथल।** पौधरोपण करते अखिल भारतीय मानव सेवा समिति के पदाधिकारी। फोटोः हरिभूमि

- अखिल भारतीय मानव सेवा समिति ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

अखिल भारतीय मानव सेवा समिति द्वारा गांव माधो माजरी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के प्रधान जोगेंद्र दूल ने जल और पौधे को जीवन का आधार बताया। पर्यावरण को बचाने के लिए एक व्यक्ति को प्रत्येक वर्ष पांच पौधे अवश्य ही लगाने चाहिए जिससे ग्लोबल वार्मिंग को कम किया जा सके। गांव के सरपंच राजकुमार फौजी, सनराइज स्कूल के एमडी खुशीराम दलाल एवं डॉ बीरबल दलाल की सहायता से समिति द्वारा 51 पौधे लगाए गए। सरपंच ने पौधों का संरक्षण व खाद पानी की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वे गांव को साफ सुथरा तथा हरा भरा बनाना चाहते हैं। खुशीराम दलाल ने कहा सरपंच गांव में प्रत्येक कार्य की स्वयं देखभाल करते हैं। संरक्षक कुलदीप ने पौधारोपण कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया। डॉ बीरबल दलाल ने पर्यावरण में पर्याप्त ऑक्सीजन के लिए पौधों का अंग संग होना आवश्यक बताया।

## न्यूज डायरी

### रोमी राणा ने बस शैल्टर के पास लगवाया वाटर कूलर



**राजौंद।** गांव के पुराना बस अड्डे पर बस शैल्टर के पास रोमी राणा ने वाटर कूलर रखवाया। इस दौरान नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा ने बस शैल्टर पर पहुंचकर वाटर कूलर का शुभारंभ किया और मार्केट के दुकानदारों के साथ-साथ रोमी राणा का भी आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा की बस शैल्टर में पंखे और कुर्सियों की व्यवस्था भी जल्दी ही करवा दी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने रखरखाव में भी सभी दुकानदारों व लोगों को सहयोग करने की बात कही व सफाई व्यवस्था में भी सभी को सहयोग करने के लिए कहा। दुकानदारों ने कुछ अन्य मांगे भी नगर पालिका सचिव के सामने रखी। जिन्हें शीघ्र ही पूरा करने की बात कही। दौरान कनिष्ठ अभियंता अश्विन कुमार वार्ड नंबर 9 के पार्षद संजय राणा, दुकानदार राहुल छाबड़ा, सुमित कुमार, गौरी शर्मा, मनु वर्मा मौजूद रहे।

### आमजन को नशा न करने बारे किया जागरूक



**कैथल।** एसआई कर्मबीर सिंह, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही रीतु तथा होमगार्ड गुरदेव की टीम द्वारा जाखौली अड्डा कैथल, बलराज नगर, ट्रक युनियन, रेलवे स्टेशन, गुहणा व सजुमा में आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा शरीर में रोगों तथा आपराधिक गतिविधियों की जड़ है।


**कलायत।** कलायत के गांव चौशाला स्थित आर्युदाचार्य च्यवन ऋषि आश्रम में शिक्षकों-प्रशिक्षकों के साथ विद्यार्थी। फोटोः हरिभूमि

### सरकारी स्कूल में समर कैंप की शुरूआत

**कलायत।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में ग्रीष्म अवकाश समाप्त होने के तुरंत बाद विद्यार्थियों के लिए समर कैंप की शुरूआत की गई है। 1 से 7 जुलाई तक कक्षा पहली से लेकर दस जमा तक के विद्यार्थी समर कैंप में हिस्सा लेंगे। बीईओ सुरेश सिंगला द्वारा तय कार्ययोजना अनुसार खंड के सभी स्कूलों में कैंपों का सफलतापूर्वक संचालन करने को ब्लाक रिसोर्स पर्सन गीता रानी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। गीता रानी ने बताया कि प्रकृति संरक्षण के मिशन को लेकर आयोजित होने वाले कैंपों में विद्यार्थियों को इतिहासिक स्थलों का भ्रमण करवाने, देसी खाद से कीचन गार्डनिंग, वेस्ट सामग्री का पुनः इस्तेमाल, कचरे का निस्तारण, उर्जा और जल बचाव जैसे विषय शामिल रहेंगे। इसके पीछे शिक्षा विभाग का ध्येय विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के दौरान ही सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेवारी के प्रति व्यवहारिक बनाना है। वे धरातल पर हर विषय-वस्तु को समझ सकें। इससे न केवल पाठ्यक्रमों का सरलीकरण होगा।

## 33वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन

# किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल


**कैथल।** बैठक में किसानों को संबोधित करते कृषि विज्ञानी।

चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र, कैथल की 33वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन केंद्र के प्रांगण में आयोजित किया गया। चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि, हिसार के विस्तार शिक्षा निदेशक एवं कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बैठक की अध्यक्षता की। डॉ. बलवान सिंह मंडल ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं इनकी प्रगति से ही देश की प्रगति संभव हैं। वैज्ञानिकों को कृषि संबन्धी जानकारी समय रहते किसानों तो उपलब्ध करवानी चाहिए ताकि किसानों को विवि द्वारा विकसित तकनीकों का लाभ मिल सकें। कृषि विज्ञान केंद्र को छोटे और मझोले किसानों की तरफ ध्यान देने की जरुरत हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक करने को कहा। बैठक में केंद्र की रबी 2023-24 की प्रगति विवरण तथा खरीफ 2024 की कार्य योजना केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. रमेश वर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई जिसका अनुमोदन सभी सदस्यों द्वारा किया गया। डॉ. वर्मा ने बताया कि रबी 2023-24 के दौरान केंद्र द्वारा बेरोजगार ग्रामीण युवाओं के 14 व्यावसायिक प्रशिक्षण, 5 सेवारत कर्मचारियों के प्रशिक्षण, 5 खेत परिक्षण तथा 217 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों का आयोजन किया गया। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार, डॉ. जसबीर सिंह, डॉ. अमित कुमार, डॉ. प्रशांत कौशिक, डॉ. दीपक कुमार तथा डॉ. नेहा शर्मा ने भी अपने विषयों की कार्य योजना प्रस्तुत की।

#### ये रहे उपस्थित

इस बैठक में अन्य विभागों के प्रतिनिधि धान अनुसन्धान केंद्र कौल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ओ.पी. चौधरी, जिला उद्यान अधिकारी डॉ. हीरा लाल, उप मंडल कृषि अधिकारी डॉ. सतीश नारा, पशु चिकित्सक डॉ. मधुर, मत्स्य अधिकारी सलोनी , जिला समाज कल्याण कार्यालय से बलवान सिंह, उप प्रबंधक विकास, अमित शर्मा आदि उपस्थित थे। इस मौके पर जिले के प्रगतिशील किसान कुलदीप सिंह धारीवाल, महेंद्र सिंह रसीना, पूजा आर्य, राजेश खेड़ी सिकंदर, कैलाशो देवी आदि मौजूद थे।


**पूंडरी।** गांव हाबड़ी में क्लबफुड बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए डा. मोनिका। फोटो : हरिभूमि

### क्लब फूड जन्मजात बीमारी, इलाज संभव : डा. रजनीश

**पूंडरी।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में क्लब फूड जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। गांव हाबड़ी में आंगनबाड़ी केंद्रों पर सरकारी अस्पताल पूंडरी के डा. रजनीश व डा. मोनिका ने बच्चों में जन्मजात होने वाली क्लबफुट बीमारी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि क्लब फूड एक जन्मजात बीमारी है। इस बीमारी से ग्रस्त बच्चे के पांव जन्म से ही अंदर की ओर मुड़े हुए होते है। उन्होंने कार्यक्त्रम में मौजूद बच्चों के अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे इस बीमारी से डरे नहीं, क्योंकि ये बीमारी असाध्य नहीं है। इसका न केवल इलाज संभव है अपितु इस बीमारी का सभी सरकारी अस्पतालों में इलाज निशुल्क किया जाता है। डा. रजनीश ने बताया कि जन्म के बाद अगर किसी बच्चे में ऐसे लक्षण दिखाई दें तो उसका इलाज तुरंत करवाएं। बच्चा कुछ ही समय में पुरी तरह स्वस्थ हो जाएगा।

### कार्ड दिखाने के बाद भी कंडक्टर ने काट दी टिकट

**गुहला-चीका।** चीका से चंडीगढ़ जा रहे एक सीनियर सिटीजन को उस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब उसने सरकारी कार्ड भी दिखाया परंतु उसके बावजूद कंडक्टर ने उसकी टिकट काट दी। देवेंद्र ने बताया कि वह कैथल डिपो की बस में सुबह बैठा था और उसने चंडीगढ़ जाना था परंतु जब परिचालक ने उसे टिकट कटवाने के बारे में कहा, तो उसने परिचालक को कैथल रोडवेज विभाग द्वारा जारी अपना सीनियर सिटीजन का कार्ड दिखाया, तो उसने उसे देखकर यह कहते वापस कर दिया कि यह स्कैन नहीं हो रहा है।

**सूचना**

मैं, मोहिन्द्र पुत्र श्री जिले सिंह निवासी ग्राम नरवलगढ़ तहसील कलायत जिला कैथल बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम मोहिन्द्र से बदलकर मोहिन्द्र सिंह रख लिया है।

## खबर संक्षेप



जींद। विधायक रामनिवास को ज्ञापन सौंपते हुए खाप के प्रधान रघुबीर नैन व अन्य।

### बिनैन खाप प्रधान ने सौंपा विधायक को ज्ञापन

**नरवाना।** लव मैरिज में परिजनों की सहमति व लड़कियों के विवाह की उम्र 16 साल करने को लेकर मंगलवार को बिनैन खाप के प्रधान रघुबीर नैन ने विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा को एक ज्ञापन पत्र सौंपा। जिसके उन्होंने मांग लव मैरिज एक्ट में बदलाव कर परिजनों की सहमति जरूरी की जानी चाहिए। इसके साथ-साथ एक ही गोत्र और एक ही गांव या नजदीकी गांव में भी लव मैरिज पर रोक लगा देनी चाहिए, इसके साथ-साथ उन्होंने मांग की कि लड़कियों की शादी उम्र जो 21 साल की गई है वह भी 21 की जगह 16 साल की जानी चाहिए।

### पुलिस ने 86 मामलों में 106 आरोपी काबू किए

**कैथल।** जून माह में पुलिस द्वारा शराब व मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी, अवैध असला रखने, जुआ-सट्टा आदि के 86 मामलों में 106 आरोपी गिरफ्तार किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जून माह दौरान संपंती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 33 मामलों में 54 आरोपी काबू करके उनके कब्जे से 16 लाख 53 हजार 200 रुपए मूल्य की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद की।

### नए कानून तहत सदर थाना में दर्ज हुआ केस

**कैथल।** एक जुलाई से कानून की नई धाराएं लागू हो चुकी हैं। कैथल में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत सदर थाना में पहला चोरी का केस दर्ज हुआ है। पहले भारतीय दंड संहिता की धारा 379 के तहत चोरी का केस दर्ज किया जाता है। अब चोरी की यह धारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 हो गई है।

### सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं : एसडीएम

**गुहला-चीका।** एसडीएम गुहला कृष्ण कुमार ने लोगों का आह्वान किया कि वे प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं क्योंकि प्रदेश सरकार द्वारा अब यह योजना लागू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके तहत हरियाणा के एक लाख गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाई जा रही है।

### एक पौधा मां के नाम मुहिम के तहत किया पौधरोपण

**उचाना।** पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 30 जून से शुरू की गई एक पौधा मां के नाम मुहिम के तहत हलके में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं द्वारा पौधरोपण किया जा रहा है। पौधरोपण करने के साथ-साथ उसकी देखभाल को लेकर भी जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। कसूहन गांव के चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल परिसर में पौधरोपण के बाद देवेंद्र अत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी शुरू की गई एक पौधा मां के नाम मुहिम के तहत पौधें लगाए जा रहे है। मां की याद में मां के लिए एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इस पौधें की देखभाल करें ताकि मां का अहसास रहे।

## कांग्रेस समर्थित पार्षदों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

# नगर परिषद की तीन घंटे चली बैठक में जमकर हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद की बैठक मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने की। हाउस की बैठक पूरी तरह से हंगामेदार रही। लगभग 3 घंटे तक चली बैठक में कांग्रेस समर्थित पार्षदों ने भाजपा नेताओ और अधिकारियो पर अवैध कॉलोनी काटने , स्ट्रीट लाइट में गोलमाल करने और इसके अलावा कई अन्य आरोप लगाए।

बता दें कि हाउस की बैठक में 31 में से 21 पार्षद ही पहुंचे। 10 पार्षद बैठक से नदारद रहे। बैठक शुरू होते ही मीडिया को भी बाहर कर दिया गया। बाद में चेयरपर्सन ने माफी मांगते हुए कहा कि कुछ पार्षदों को इस पर आपति थी जिसके चलते मीडिया को बाहर भेजा गया। कांग्रेस समर्थित पार्षदों ने कहा कि मीडिया को इसलिए बाहर भेजा गया कही इनके घोटालो कि पोल बैठक में खुल न जाए।

नगर परिषद चेयर पर्सन ने हाउस की बैठक के बाद बताया की बैठक में शहर के रुके पड़े विकास कार्यो पर चर्चा की गई। सबसे बड़ा मुद्दा शहर में सफाई व्यवस्था का रहा। चेयर पर्सन ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। इसके लिए आने वाले 1 से 2 दिन में इसका टेंडर लग जाएगा। लाइट व्यवस्था पर भी मीटिंग में बात हुई है । सभी पार्षदों की तरफ से लाइट व्यवस्था को लेकर सवाल उठाया गया था जिस पर अमल करते हुए आज या कल में इनका वर्क आर्डर चला जाएगा। सभी पार्षदों से अपने अपने वार्ड की डिमांड पूछी गयी है कि कही पर भी शहर में अंधेरा नहीं रहने दिया जाएगा।



कैथल। नप चेयपर्सन सुरभि गर्ग पार्षदों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**300 में से मिली 45 लाइट:** पार्षद मोहन लाल ने प्रेस कांफ्रेस में कहा कि प्रत्येक वार्ड में 300 स्ट्रीट लाइट लगनी थी, जिनमे से अभी तक सिर्फ 45 लाइट ही उन्हें दी गयी हैं। पार्षद ने इन लाइट में लगने वाले पाइप व तार पर भी सवाल उठाए गए। उन्होंने कहा कि जो सामान शहर से सिर्फ 60 से 70 रुपए का मिल जाता है उसका बिल 435 रुपए दिखाया गया है, यह स्पष्ट तौर से भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। पार्षद महेश गोगिया ने कहा कि भाजपा नेता धड़ल्ले से अधिकारियो के साथ मिलकर अवैध कालोनी काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता राम प्रताप गुप्ता द्वारा 16 कालोनी काटी गई हैं। इसके अलावा अशोक गोयल ने भी कोलोनी काटी है। इनको नोटिस दिया गया है लेकिन भाजपा ज्वाइन करने के बाद ये मामला ढीला पड़ गया।

### लाइटों में भी गोलमाल !

तिरंगा लाइट की जांच बीच में रुकी हुई है। पेहवा में 250 लाइट लगने की कीमत 7 लाख 52 हजार थी वहीं कैथल के अंदर 300 लाइट का बिल करीब 20 लाख का था यानी 12 से 13 लाख रुपये का घोटाला इसमें हो सकता है।

# उचाना को नायब सरकार का नायाब तोहफा : देवेंद्र अत्री

■ 5785 लाख से होंगे चौपालों, फिरनी, सड़कों के काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

भाजपा नेता एवं प्रमुख समाज सेवी देवेंद्र अत्री ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी ने उचाना को नायब तोहफा देने का काम किया है। उचाना हलके के गांवों में चौपालों, फिरनी, सड़कों सहित अन्य कामों पर 5785 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। विकास को लेकर कोई कोर कसर सरकार नहीं छोड़ रही है। भाजपा सरकार ने 10 साल में प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाने का काम किया। क्षेत्रवाद तक विकास, रोजगार रहता था उसको समाप्त करने का काम किया है। करीब साढ़े नौ साल तक भाजपा की मनोहर सरकार तो अब नायब सरकार निरंतर विकास के कार्य कर रही है। कसूहन गांव में पत्रकार वार्ता में अत्री ने कहा कि हलके के गांवों की 56 चौपालों के काम पर 288.49 लाख, 15 फिरनी के कामों पर 3426.9 लाख, शिवधाम योजना के तहत 74 कामों पर 424 लाख, एचएसएएमबी बोर्ड द्वारा सड़क निर्माण पर 62.68 लाख, पीडब्ल्यूडी द्वारा 19 सड़कों के निर्माण पर 1582.68 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। ऐसे ही जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांवों में भाखड़ा का नीला पानी पहुंचाने के लिए टेंडर जारी होने के बाद कार्य किया जा रहा है।



उचाना में विभिन्न कामों की सूची दिखाते हुए भाजपा नेता देवेंद्र अत्री।

### चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने किया काबू

**नरवाना।** सदर थाना पुलिस ने दनौदा खुर्द से एक मकान से बैटरी चोरी करने के आरोप में एक अभियुक्त को काबू किया है। पकडे गए आरोपी की पहचान मंदीप उर्फ सोनू वासी दनौदा खुर्द के रूप में हुई है। जानकारी के लिए बता दे कि दिनांक 30 जून 2024 को सुरेन्द्र वासी दनौदा खुर्द ने चौकी दनौदा में एक शिकायत पेश की कि वह गावं में ईन्वेटर बैटरी का काम धंधा करता है। दोपहर को सोनु वासी दनौदा खुर्द अपने मोटर साईकिल पर आया और उसकी दुकान के अन्दर जाकर एक बैटरी चोरी करके ले गया जिस पर थाना सदर नरवाना में चोरी का मामला दर्ज किया गया। जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से एक आरोपी को काबू कर लिया है।

# बिजली चोरी पकड़े जाने पर बिजलीकर्मियों से दुर्व्यवहार

■ पुलिस ने गांव के सरपंच समेत 3 लोगों पर दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव धर्मगढ़ बोहली में बिजली चोरी का मामला पकड़े जाने पर मकान मालिक व उसके परिजन बिजलीकर्मियों उलझ गए और हाथापाई की। आरोप है कि गांव के सरपंच ने बिजलीकर्मियो के साथ गाली गलौज किया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर गांव के सरपंच समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिजली निगम की टीम गांव धर्मगढ़ बोहली में बिजली चोरी रोकने गई हुई थी। बिजलीकर्मियों ने गांव के अमनदीप के घर बिजली चोरी को पकड लिया। जिस पर अमनदीप उसका बेटा बिजली कर्मियों से उलझ गया। आरोपितों ने फोरमैन संजय के साथ हाथापाई की और मोबाइल फोन का छीन लिया। जिसमें बिजली चोरी की वीडियोग्राफी की गई थी। टीम वहां से निकल कर गांव के बस अड्डे पर पहुंची तो गांव का सरपंच अजीत मिला। जिसने बिजलीकर्मियों के साथ गाली गलौज की।

# ट्रक ट्राले ने एंबुलेंस को मारी टक्कर, हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद से सोनीपत नेशनल हाइवे पर एंबुलेंस और ट्रक टाले के बीच भिडंत हो गई। जिसमें एंबुलेंस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि चालक की सूझबूझ के चलते एंबुलेंस फ्लाईओवर से नीचे गिरने से बच गई। एंबुलेंस इमरजेंसी मरीज को जींद नागरिक अस्पताल में छोड़कर रात को वापस गोहाना की तरफ जा रही थी। गनीमत यह रही कि एंबुलेंस में कोई मरीज नही था। हादसे के बाद ट्राला चालक ट्राले सहित मौके से फरार हो गया। गांव सिवानामाल के मरीज को इमरजेंसी मरीज को जींद के सिविल अस्पताल में छोड़ कर एंबुलेंस वापस गोहाना की तरफ जा रही थी। पिंडारा फ्लाईओवर के ऊपर ट्रक ट्राले ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी। चालक की सूझबूझ के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे के दौरान एंबुलेंस में कोई मरीज नही था।

वहीं हादसे में एंबुलेंस चालक भी बाल-बाल बच गया। घटना के बाद ट्राला चालक ट्राले को लेकर फरार हो गया। इस बारे में फ्लीट मैनेजर योगेश से मोबाइल पर बात करनी चाही तो उन्होंने खुद को बिजी बताते हुए कुछ बताया नही।

# सरपंचों की रैली में सीएम ने लठ गाड़ दिया

■ सरपंचों को 21लाख तक काम करवाने की पावर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

विधायक लीलाराम ने कुरुक्षेत्र में आयोजित सरपंचों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने नायब सिंह सैनी द्वारा की गई घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया । विधायक लीलाराम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिन प्रतिदिन जनता के दिलों में अपनी पैठ बना रहे हैं। विधायक ने कहा कि हरियाणा के इतिहास का यह पहला मुख्यमंत्री है जो रात को 2:00 बजे भी लोगों से मिलकर के उनको खाना खिला करके फिर सोता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री नायब सैनी जी ने सरपंचों को काम करने के लिए 21 लाख तक की छूट देकर के उनको बहुत बड़ा तोहफा दिया है। विधायक ने कहा कि सरपंचों की यह मांग थी कि हमें 10 लाख तक काम करने का मौका दिया जाए। मुख्यमंत्री महोदय ने यह सीमा 21 लाख रुपए करके सरपंचों का दिल जीत लिया है। पंचायतों के रिकॉर्ड के रख रखाव के लिए कंप्यूटर रखे जाएंगे। उसके लिए सरकार जल्दी ही कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती करेगी। पंजीकृत ठेकेदार 50 लाख तक के काम कर सकते हैं। लीला राम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लठ गाड़ दिया। मुख्यमंत्री हर रोज जनता की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। ग्रामीण सफाई कर्मचारी और शहर के सफाई कर्मचारियों के लिए वेतनमान में बढ़ोतरी करके उनका विशेष तोहफा देने का काम किया है । विधायक ने कहा कि जो लोग सफाई करते हैं गांव और शहर को चमकाने का काम करते हैं उनका मान बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री महोदय द्वारा नगर पालिका और नगर परिषद की सफाई कर्मचारियों को 17000 रुपए और ग्राम पंचायत के सफाई कर्मचारियों को 16000 रुपए मानदेय मिलेगा।



कैथल। विधायक लीला राम अपने समर्थकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### संयुक्त किसान मोर्चा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**उचाना।** उपमंडल कार्यालय में चल रहे उचाना संयुक्त किसान, मजदूर के अनिश्चित कालीन धरने के 568वें दिन आयुष्मान कार्ड पर जो प्राइवेट अस्पतालों में उपचार बंद हुआ है उसको शुरू करवाने की मांग की। धरना संयोजक आजाद पालवां की अगुवाई में एसडीएम गुलजार मलिक को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड से उपचार सुविधा शुरू करने की मांग की है जो प्राइवेट अस्पतालों में डॉक्टरों द्वारा उनकी पेमेंट नहीं आने से बंद कर दी है। पालवां ने कहा कि सरकार इस योजना को लेकर आई थी। ये योजना भाजपा द्वारा शुरू की गई योजना है। खुद की योजना को लेकर भी अगर फंड का अभाव है।

# एनएचएम कर्मियों ने डिप्टी सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

■ एनएचएम कर्मचारियों को मणीपुर रा'य की तर्ज पर नियमित किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने मंगलवार को प्रदेश कार्यलय सचिव गौरव सहगल की अध्यक्षता में मांगों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम को सौंपा। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मियों की मांगें लंबे समय से लंबित हैं। जिन पर कोई कार्रवाई नही की जा रही है। उन्होंने मांग की कि एनएचएम कर्मचारियों को मणीपुर रा'य की तर्ज पर नियमित किया जाए। तब तक एनएचएम हरियाणा की वर्ष 2013-14 की पीआईपी में दिए गए निदेशोंर् की अनुपालना में सेवा सुरक्षा दी जाए। सर्व शिक्षा अभियान की तर्ज पर वर्ष 2018 में एनएचएम कर्मचारियों को छठे वेतनमान का लाभ दिया गया था। हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2018 में सर्वशिक्षा कर्मचारियों को 7वें वेतनमान का लाभ 2016 से प्रदान कर दिया गया है। एनएचएम कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ तुरंत दिया जाए। वर्ष 2017 से 2022 तक स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा किए गए आंदोलन व हडताल की अवधि का वेतन डयूटी अवधि मानते हुए स्वास्थ्य विभाग के अन्य संगठनों की भांति वेतन जारी किया जाए। एनएचएम कर्मचारियों को एलटीसी उवं ग्रेच्यूटी का लाभ प्रदान किया जाए। एनएचएम कर्मियों के कैशलेस मेडिकल सुविधा का लाभ प्रदान किया जाए। सर्विस बायलाज में कुछ कैटैगरियों की वेतन विसंगती दूर नही की गई हैं, उनकी वेतन विंसगती दूर की जाए। एनएचएम कर्मचारियों की ऑनलाइन स्थानांतरण किया जाए। सर्व शिक्षा कर्मचारियों की तर्ज पर एनएचएम कर्मचारियों को अर्जित अवकाश व 10 साल की सेवा उपरांत 15 आकस्मिक अवकाश का लाभ दिया जाए। एनएचएम में कार्यरत एचकेआरएनएल के कर्मचारियों को भी सेवा नियमों का लाभ दिया जाए और इन्हें एनएचएम में समायोजित किया जाए।



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए एनएचएम कर्मचारी।

# स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घरों में लारवा रिडक्शन व डेंगू जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

जिला मलेरिया एवम् प्रोग्राम अधिकारी डा. विजेंद्र ढान्डा के आदेशानुसार व प्रवर चिकित्सा अधिकारी डा. देवेंद्र बिंदलिश के निर्देशन एवम् नोडल अफ़सर डा. कपिल शर्मा के सुपरविजन में नरवाना क्षेत्र के आजाद नगर व गांधी नगर में रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचाना एवं दनोदा से आई स्वास्थ्य टीमों ने 489 घरों में लारवा रिडक्शन व डेंगू जागरूकता अभियान चलाया। बुखार से पीड़ित मरीजों की रक्तपट्टिकाएँ बनाई स्वास्थ्य कार्यकर्ता दर्शन कुमार ने लोगों को बताया कि जुलाई माह को डेंगू मास के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान डेंगू बुखार का प्रकोप बढ़ जाता है। डेंगू बुखार एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। कोई भी बुखार डेंगू हो सकता है डेंगू बुखार के लक्षणों में सिर के अगले हिस्से में तेज दर्द ,आँखों के पिछले हिस्से में दर्द, बुखार के साथ जोड़ों में दर्द, टाँगो में दर्द व थकान होना है। यह मच्छर साफ खड़े हुए पानी में अपने अंडे देता है और दिन में काटता है। इसलिए अपने घरों में पानी की टंकियों, हौदी, कूलरो, पक्षियों के लिए रखे हुए कसोरो एवं पशुओं के पीने के पानी सप्ताह में साफ करें।



नरवाना। जागरूकता अभियान के दौरान डेंगू के लारवा की जांच करते स्वास्थकर्मी।

### अटल सेवा केंद्र के संचालक सावधानी बरतें

**जींद।** जिला में अटल सेवा केंद्र संचालकों द्वारा मजदूरी कॉपी बनवाने व कांट्रेक्शन वर्कर, पीपीपी में आय ठीक करवाने के नाम पर चार से पांच हजार रुपये की राशि वसूले जाने की शिकायतें एडीसी के पास पहुंची हैं। एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने बताया कि प्रायरू सुनने में आया है कि अटल सेवा केंद्र के संचालक मजदूरी कॉपी बनवाने व कांट्रेक्शन वर्कर, परिवार पहचान पत्र में अपनी आय ठीक करवाने के लिए चार से पांच हजार रुपये ले रहे हैं। एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने सख्त लहजे में निर्देश देते हुए कहा की अगर भविष्य में कोई भी अटल सेवा केंद्र संचालक ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी। जबकि इसकी फीस सरकार द्वारा 85 रुपये निर्धारित की गई। समाधान शिविर में लोग रो रहे दुखड़ा इस समय सरकार के दिशा-निर्देश पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### विद्यार्थियों ने सीखी किचन गार्डनिंग

**राजौंद।** हरियाणा सरकार द्वारा चलाए गए पेड़ लगाओ अभियान के तहत दूसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीर बांगडा में प्रार्थना सभा में सभी छात्र-छात्राओं को टिकाऊ खेती तथा किचन गार्डनिंग के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई । विद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने प्रार्थना सभा में सभी छात्र.छात्राओं को सस्टेनेबल फूड तथा किचन गार्डनिंग के बारे में विस्तार से बताया। बढ़ती हुई जनसंख्या की खाने की जरूरत को पूरा करने के लिए हमें टिकाऊ खेती पर अपना ध्यान देना चाहिए तथा हमें वो खेती करनी चाहिए। पर्यावरण को भी नुकसान ना हो तथा वो भोजन हमारी सभी की जरूरत के लिए तथा आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्याप्त उपलब्ध हो सके।

**कार्यक्रम** रेजिडेंशल वेलफेयर एसोसिएशन ने सेक्टर आठ में लगाए डेढ़ हजार पौधे

# एक घर-एक ट्री गार्ड की मुहिम चलाएंगे सेक्टरवासी

■ सेक्टर आठ में हैं 670 घर, हर घर से लिया जाएगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेजिडेंशल वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर आठ में लगभग डेढ़ हजार पौधे लगाएगा। एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने मंगलवार को मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर अभियान की शुरूआत की। सेक्टर आठ के प्रधान सतबीर बांगड़ ने बताया कि जून माह में अत्यधिक गर्मी थी। अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक चला गया था। लू के चलते हर कोई परेशान था। इस दौरान उन्होंने आभास किया कि जहां पेड़, पौधों की संख्या 'यादा हैए वहां दूसरी जगह की तुलना में चार से पांच डिग्री तक तापमान कम है। ऐसे में उन्होंने विचार किया कि अगर उनके सेक्टर में 'यादा से 'यादा संख्या में पौधे होंगे तो भविष्य में बढ़ते तापमान व गर्मी से सेक्टरवासियों सहित अन्य लोगों को कुछ निजात मिल सकता है। ऐसे में उन्होंने पौधारोपण करने की सोची। इस अभियान में उन्होंने रेजिडेंशल वेलफेयर एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों को भी शामिल किया। प्रधान सतबीर बांगड़ ने बताया कि सेक्टर आठ में सड़क के किनारों पर नियमित दूरी के अंतरात पर वन विभाग द्वारा ट्रैक्टर की सहायता से गड्ढे किए जा रहे हैं। तीन साल तक वन विभाग पौधों में खाद व पानी से सिचांई करेगा। वहीं सेक्टरवासी लावारिश पशुओं से पौधों की सुरक्षा को लेकर देखभाल के लिए प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर सतपाल बुधवारए जोगंद्र अलेवाए नरेंद्र खर्बए अमित मोरए अमन सिवाचए सचिन बड़ाला, प्रवीण बूरा, सुशील रोहिल्ला, बिजेंद्र लाठर, कर्मपाल देशवाल, मास्टर वजीर ढुल, अमित रेढ़ू व दलबीर राठी भी मौजूद रहे।



जींद। सेक्टर आठ में पौधे लगाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पशुओं से रक्षा करने में मदद करेगा

सेक्टर आठ के प्रधान सतबीर बांगड़ ने कहा कि सेक्टरवासी पौधों की रक्षा के लिए एक घर-एक ट्री गार्ड अभियान की शुरूआत करेंगे। सेक्टर आठ में 670 घर बने बने हुए हैं। इस अभियान के तहत एक घर से ट्री गार्ड के लिए राशि एकत्रित की जाएगी। ट्री गार्ड पौधों की लावारिश पशुओं से रक्षा करने में मदद करेगा।